# हाथों में केसरिया निशान | by Nisha Dutt Sharma

मेरे सांवरे का नाम लेके चलना
हाथों में केसरिया निशान लेके चलना

हारे का सहारा हरे पीड़ा हज़ार हैं
जानता है पीड़ा सबकी श्याम सरकार है
मन में आशा और विश्वास लेके चलना
हाथों में केसरिया निशान लेके चलना

सौंप दे तू डोर मेरे सांवरे के हाथ में
सांवरा चलेगा तेरे सदा संग साथ में
पूरी होंगी हर वो आस लेके चलना
हाथों में केसरिया निशान लेके चलना

कोई ना सहारा संगी साथी सब छोड़ दें
किस्मत के खेल सारे नाते सब तोड़ दें
संग सांवरा है साथ लेके चलना
हाथों में केसरिया निशान लेके चलना

धीर तेरी ज़िन्दगी का सार बन जायेगा
ज़िन्दगी का तेरी वो आधार बन जायेगा
मन में श्रद्धा और सम्मान लेके चलना
हाथों में केसरिया निशान लेके चलना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%87%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-nisha-dutt/